एक नजर

अवैध शराब सहित धराए

इंदौर,15 मई।राऊ के बाड़ी मोहल्ला में रहने वाली ममताबाई पति धर्मेन्द्र चौहान को हाथभट्टी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं सुभाष मार्ग स्मृति टाकिज के सामने से 20 क्वाटर शराब के साथ दीपक कुमरावत निवासी शुभम नगर को गिरफ्तार किया। इसी तरह गांधी नगर पुलिस ने दिलीप नगर रोड से अरुण पिता कैलाश निवासी जवाहर टेकरी को शराब बेचते हुए पकड़ा।

बच्चे हो रहे जादूगर आनंद के दिवाने

इंदौर,15 मई। दुनिया के मशहूर जादूगर आनंद भले ही बड़ों के लिए बड़े जादूगर हैं, लेकिन बच्चों के लिए वे बच्चे हैं। बच्चे अपने पेरेंट्स से एक बार जादू और, की जिद कर रहे हैं। स्थानीय रविंद्र नाट्य गृह मे चल रहा उनका जादू दर्शकों के साथ ही बच्चों के भी सिर चढ़कर बोल रहा है। जादूगर आनंद के कई आयटम बच्चों के लिए हैं। इन आयटमों में बच्चे परियों की दुनिया का अनुभव करते है। बच्चों को बड़े प्यार से संभालती है जादूगर आनंद की टीम। उनके हैरतअंगेज जादू का आलम ऐसा है कि पूरा हॉल तालियों से गूंज रहा है। करीब 7500 सेकेण्ड के इस बाल जादू शो में जादू के साथ ज्ञान-विज्ञान और आध्यात्म की भी बातें हैं।

बीच बचाव करना महंगा पड़ा

इंदौर। झगड़े में समझाइश देते हुए बीच बचाव करना एक युवक को महंगा पड़ गया। किसी ने उसे सरिया मारकर घायल कर दिया। विष्णुधाम कालोनी में साजन और उसके पिता मुन्ना का झगड़ा चल रहा था जिसमें उनका भतीजा लखन पिता विक्रम भाटी निवासी मित्रबंधु नगर बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपी साजन और उसके पिता मुन्ना ने उसे गालियां दी और सरिये से हमला कर घायल कर दिया। वहीं अमितेश नगर में विकास पिता गंगाराम ने कमेंट्स करने की बात पर सीमेंट का ब्लाक उठाकर जितेन्द्र पिता गुलाबसिंह के सिर पर दे मारा और जान से मारने की धमकी दी।

माचिस नहीं दी तो पीटा

इंदौर,15 मई। सिगरेट पीने के लिए माचिस नहीं दी तो बदमाश ने मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। घटना जिंसी हाट मैदान की है। यहां रहने वाला सद्दाम पिता अब्दुल करीम अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी जुबैर खान पिता मो. ताज पहुंचा और सिगरेट जलाने के लिए माचिस मांगी। जब माचिस देने से मना किया तो आरोपी जुबैर ने उसे नुकीली वस्तु मारकर घायल कर दिया।

पुलिस जनसुनाई में पहुंचकर पत्नी ने की शिकायत

स्पा सेंटर के नाम पर गलत काम करता है पति

इंदौर,15 मई। डीआईजी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एक महिला पुहंची और उसने पति पर पांच लाख रुपए दहेज में मांगने के साथ ही पति पर स्पा सेंटर के नामप अनैतिक गितविधियां चालने का आरोप लगाया। पति पांच लाख रुपए स्पा सेंटर के लिए ही मांग रहा है और रुपए नहीं लाने पर मारपीट भी करता है।

खजराना के ममता कॉलोनी में रहने वाली बुशरा पति शादाब बेग ने डीआईजी को की गई शिकायत में बताया है कि उसके पति का पहले बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने लिमली नाम से स्पा सेंटर का संचालन करता था। स्पा सेंटर के नाम पर यहां लड़कियों से अनैतिक काम कराया जाता था। यहां बांगलदेश, नोपाल, कनाडा के साथ ही मुंबई-दिल्ली से लड़कियों को लाया जाता था। एक साल पहले पुलिस ने स्पा पर छापा मारा था। उसके बाद शादाब ने स्पा बंद कर दिया था और पिछले एक साल से वह बेरोजगार था। लेकिन अब वह पुनः स्पा सेंटर प्रारंभ कर अनैतिक गतिविधियां करना चाहता है। इसके लिए उसने फर्जी तरीके से नेपाली, बांग्लादेशी और केनेडियन लड़कियों के पासपोर्ट भी बनवा लिए है। पीडिता ने बताया कि साल 2015 में उसका निकाह खजरान क्षेत्र स्थित खिजराबाद कॉलोनी के शादाब पिता आजाद बेग के साथ हुआ था। महिला का आरोप है कि ससुराल वाले उसे बेटी पैदा करने के नाम पर ताने मारते थे। बेटी को विकलांग कहते हुए पति व सास-ससुर उस अत्याचार करते तथा उसे व बेटी को खाना तक नहीं देते थे। 4 मई 2018 को पति, सास-ससुर और ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा बुशरा के साथ जमकर मारपीट कर उसे मायके से 5 लाख रुपए लाने के लिए कहा गया। ससुराल वालों ने उससे कहा कि इन रुपयों से शादाब को स्पा सेंटर प्रारंभ करना है।

11 किलो वजनी चांदी के भोलेनाथ की मूर्ति बरामद

चोरी के आरोपियों से अवैध हथियार भी मिले

इंदौर,15 मई। एमजी रोड़ पुलिस ने चोरी करने वाली गैंग को पकड़ा जो मंदिर सहित अन्य स्थानों पर वारदात को अंजाम देते थी। विजय भंग घोटा से चुराई गई 11 किलो वजनी चांदी की शिवजी की मूर्ति भी बरामद की गई है। चोरों से अवैध हथियार भी जब्त किए गए है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद कुख्यात बदमाश राजा उर्फ राजकुमार पिता कमल सिसौदिया, निवासी महावर नगर उसका भाई यश सिसौदिया निवासी प्रजापति नगर और सोनू पिता राजू फालके निवासी मोती तबेला को पकड़ा है। सूचना के बाद पुलिस दलबल के साथ हेमिल्टन रोड स्थित पालिवाल धर्मशाला के पास पहुंचे जहां सर्चिंग के दौरान सामने से आ रही बाइक एमपी09 एमके 4079 के चालक को रोका। तलाशी लेने पर राजकुमार के पास से देशी कट्टा, यश के पास से एक चाकू बरामद किया गया। पुलिस इन्हें आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर थाने लेकर पहुंची। वहां पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की अन्य कई वारदातें करना भी कबूला। इसमें विजय भांग घोटा के पास स्थित एक मंदिर से 11 किलो वजील चांदी की शिव जी की प्रतिमा चोरी करने की बात कबूल की है। इसके अलावा राम मार्केट में चोरी, सावरकर मार्केट से चोरी, कोर्ट परिसर और अन्नपूर्णा क्षेत्र से बाइक चुराने सहित चोरी और नकबजनी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात शामिल है।

ट्रक चोरी करने वाला गिरफ्तार

इन्दौर,15 मई । कंजर गिरोह के कहने पर ट्रक चुराया और ट्रक उन्हें सौंपने जा रहा था तभी पुलिस नेआरोपी को ट्रक सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना तेजाजी नगर पर फरियादी हमीद पिता मुबीन के द्वारा अपने ट्रक आरजे 27/ जीसी 3738 चोरी जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए जय अम्बे ढाबा , सिमरोल के पास खंडवा रोड इंदौर से आरोपी नवाब पिता रमजान खान उम्र 28 साल निवासी कोयला मोहल्ला वार्ड नं 05 मंडी गेट के सामने खातेगांव थाना खातेगांव जिला देवास को उक्त चोरी गए ट्रक के साथ पकडा गया। पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह ट्रक को कंजर गिरोह धानी घाटी जिला देवास के सुपुर्द करने जा रहा था। आरोपी ने बताया कि परिवार में आर्थिक तंगी के कारण व पैसों के लालच में कंजर गिरोह के कहने पर ट्रक चोरी किया था। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण सदर में आरोपी से कंजर गिरोह के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

दोहरे उत्साह के साथ स्वाद वानगी का समापन

इंदौर। श्री गुजराती समाज द्वारा स्कीम नंबर 54 स्थित परिसर में पांच दिवसीय गुजरात उत्सव का आयोजन स्वाद वानगी के नाम से किया जो अतिन दिन गरिमामय प्रस्तुतियों के साथ समापन किया गया। इस आयोजन में शहरवासियों के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिसमें संगीत-गीत के साथ-साथ परिवार वालों के लिए जात्रा जैसा माहौल तैयार किया गया। इस आयोजन को लेकर लोगों में अच्छा आकर्षण व उत्साह देखने को मिला। मंगलवार को आयोजन का अंतिम दिन था जिसमें लोगों ने फूड झोन के अंतर्गत लगे स्टॉलों पर गुजराती व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। स्वाद वानगी उत्सव में समाज के द्वारा कई प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें लोगों को गुजराती व्यंजनों का स्वाद चखने को मिला वहीं गुजरात के अलग-अलग हिस्सों के लोकनृत्यों व भजनों का आनंद भी मिला।

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़- इंदौर । कल फिर एक बदमाश घर में घुसकर युवती का हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर युवती को पीटा। घटना गांधीग्राम खजराना की है। यहां रहने वाली युवती को अकेला देखकर पास ही रहने वाला पैसजल मंसूरी घर में घुस गया। आरोपी ने युवती का हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। युवती ने विरोध किया तो पैसजल ने उससे मारपीट कर डाली।

इंदौर। शहर में अब चौराहों पर इस तरह के 3डी स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे। मंगलवार की सुबह पलासिया थाना के सामने इसका प्रदर्शन भी किया गया।

ट्रेन हादसा टला, पटरी पर रख दिया था बड़ा पत्थर

शिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन टकराई, आरोपी की तलाश

इंदौर। ट्रेन हदसा होते होते टल गया। पटरी पर अज्ञात ने 20 किलो का पत्थर रख दिया था जिससे शिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन भी टकरा गई। पटरी से पत्थर हटाने वाला ट्रेन का केटल गार्ड भी क्षतिग्रस्त हुआ।

शिप्रा टीआई मीना करणावत ने बताया कि शिप्रा में रेलवे पटरी के पास नई बस्ती बनी हुई है। पटरी पर किसी ने करीब 20 किलो का पत्थर रख दिया था। 12 मई की रात 11:55 बजे शिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन पटरी पर दौड़ रही थी। जब वह नई बस्ती पहुंची तो पटरी पर रखे पत्थर से टकरा गई टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि उसकी आवाज दूर तक गूंजी। ड्राइवर पत्थर का आकार देख घबरा गया। टक्कर से ट्रेन का संतुलन बिगड़ा और यात्रियों को झटका लगा। खुशकिस्मती से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। इस हादसे की खबर ड्राइवर ने रेलवे अधिकारियों को दी। रेलवे अफसरों ने देवास आरपीएफ से शिकायत की।

प्लेन के बाथरूम से पकड़ाया 3 किलो सोना

इंदौर, 15 मई। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर मंगलवार को 3 किलो सोना पकड़ाया है। जानकारी के मुताबिक जेट एयर की दिल्ली से आई फ्लाइट के बाथरूम में रखा यह सोना पकड़ाया है। मालिक की तलाश की जा रही है। सूचना मिलने पर इनकम टैक्स की टीम मौके पर आ गई थी। पुलिस के मुताबिक फिलहाल सोना जब्त कर यह पता लगाया जा रहा है कि कौन व्यक्ति यहां पर सोना रखकर गया था। माना जा रहा है कि यह सोना तस्करी का हो सकता है।

पांच दिवसीय कार्टूनशाला आज से

इंदौर,15 मई। इंदौर प्रेस क्लब द्वारा सदस्यों और मीडियाकर्मियों (खासकर बच्चों) के लिए ख्यात कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी की 5 दिवसीय कार्टूनशाला 16 से 20 मई तक आयोजित करने जा रहा है। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने बताया कि इंदौर प्रेस क्लब में चलने वाली पांच दिवसीय कार्टूनशाला का समय सुबह 7.45 से 9.30 बजे तक रहेगा। इसमें भाग लेने के लिए अभी तक लगभग 90 बच्चों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और अभी रजिस्ट्रेशन जारी हैं। उन्होंने बताया कि कार्टूनशाला में भाग लेने वाले सभी बच्चों एवं लोगों को किट (पेन, पेंसिल, ड्राइंग बुक, शार्पनर) इंदौर प्रेस क्लब द्वारा ही उपलब्ध करवाई जा रही है।

MEDI-CAPS LIMITED
CIN: L24232MP1983PLC002231
Regd. Office: Mhow-Neemuch Road, Sector I, Pithampur - 454775, Distt. Dhar (M.P.)
Email: investors@medicaps.com, Phone: 07292-424242, Fax: 07292-407387

NOTICE

NOTICE pursuant to Regulation 29(1)(a) & (e) read with 47(1)(a) of SEBI(LODR) Regulations, 2015 is hereby given that 01/2018-19 Meeting of the Board of directors of the Company is scheduled to be held on Monday the 28th May, 2018 at 03.00 P.M. at the Registered office of the Company to consider and approve the Standalone and Consolidated Audited Financial Results of the Company for the Quarter/Year ended 31st March, 2018 along with other routine businesses.
Further the details relating to financial results shall be available on http://www.medicaps.com (website of the Company) http://www.bseindia.com/stock-share-price/medi-caps-ltd/medicapq/523144(website of the Stock Exchange).
Place : Pithampur
Date : 16.05.2018
For, MEDI-CAPS LIMITED
ALOK K GARG
MANAGING DIRECTOR
DIN - 00274321
ANIL PUB.

अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 59वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला

हिंसा के विरुद्ध शिक्षा के लिए गैर राजनैतिक संगठनों को आगे आना होगा

इंदौर 15 मई। हिंसा के विरुद्ध शिक्षा के लिए हमारे देश में गैर राजनीतिक संगठनों को आगे आना होगो जिस तरह जर्मनी हिटलर के कार्यकाल में हुए जन सहार को आज भी याद करते हुए यह सुनिश्चित करता है कि इसकी पुनरावृत्ति ना हो लेकिन भारत में ऐसा नहीं है।

प्रसिद्ध विचारक आलोचक अपूर्वानंद ने आज यहां जाल सभागृह में अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 59 की ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला में हिंसा के विरुद्ध शिक्षा कैसे हो विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मानव वृत्तियां अभ्यास से निर्मित होती है हम यह मानते हैं कि प्रेम और सद्भाव तो हमारा स्वभाव है लेकिन यह गलत है `यह भी हमारे अंदर अभ्यास से ही पनपता है। हम जो सोचते हैं वह सोचना भी अभ्यास का परिणाम है कई बार तो ऐसा होता है कि हम सोचने का दावा करते हैं लेकिन कुछ भी नहीं सोच रहे होते है। हाल के दिनों में हमारे देश में जिस तरह के घटनाक्रम हुए हैं उसे देखकर लगता है कि देश के संविधानिक मूल्यों का अभ्यास शिद्दत से नहीं किया गया है यदि हम अपनी नागरिकता को राष्ट्र के हवाले कर उसके आश्रित हुए तो अपनी स्वायत्तता को खो देंगे `हमें यह ध्यान रखना होगा कि हम राष्ट्र और राज्य के मातहत नहीं है बल्कि हमारे द्वारा राष्ट्र और राज्य का निर्माण किया गया है `उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान फिलिस्तीन की गाजा पट्टी पर हाल ही में 50 नागरिकों की निर्मम हत्या की घटना को याद किया और कार्यक्रम के दौरान ही वहां मौजूद सभी श्रोताओं को 1 मिनट के लिए मौन खड़ा कर इन मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की उन्होंने कहा कि इजराइल के लोगों में यह विचार बना हुआ है कि फिलिस्तीन के नागरिकों को मौत और प्रगति में से एक देना है यदि उन्हें प्रगति चाहिए तो वह गुलामी को स्वीकार करें अन्यथा उन्हें मौत मिलेगी उन्होंने कहा कि हिटलर के समय पर जिस तरह से यहूदियों का सहार हुआ `उस घटना को जर्मनी के नागरिकों ने नहीं भूलने का फैसला लियो इसी का परिणाम है कि आज भी वहां स्कूलों में शिक्षा में यह पढ़ाया जाता है कि आखिर यह सहार क्यों हुआ `यह पढ़ाने के पीछे मकसद यह है कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति देश में दूसरी बार ना हो यह सुनिश्चित किया जा सके `स्थिति यह है कि कई देशों में जो नरसंहार हुए हैं उन्हें कोई नाम तक देने से मुंह मोड़ लिया गयो पिछले दिनों हिटलर को लेकर एक कार्यक्रम आया था देखो वह कौन लौट आया यह कार्यक्रम इस मकसद से लाया गया था कि कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि का स्वागत निजामुद्दीन सुरेश नाहटा प्रवीण जोशी हबीब मिर्जा बेग सीपी सिंह ने कियो कार्यक्रम का संचालन सुरेश उपाध्याय ने किया एवं अंत में आभार प्रदर्शन नूर मोहम्मद कुरैशी ने किया।

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29(2) of the SEBI (LODR) Regulation 2015, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on 29th Day of May, 2018 at the registered office of the Company to consider and take on record the Quarterly Audited Financial Result for the quarter & year ended 31st Day of March 2018.
By order of the Board
For, Anjani Finance Limited
Sd/-
(Satish Prasad Dhangar)
Managing Director
(DIN: 06594368)
Date: 14/05/2018
Place: Indore

पिस्टल लेकर घूम रहा था डॉन

इंदौर,15 मई। एमजी रोड पुलिस ने हेमिल्टन रोड के पास से राजकुमार उर्फ को देशी कट्टा के साथ पकड़ा। वहीं तुकोगंज पुलिस ने लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल के पास से अर्पित पिता महेन्द्रसिंह मोरे को पकड़ा। आरोपी के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस जब्त किया।

NATRAJ PROTEINS LTD.
CIN L00153MP1990PLC006090
Regd. Off: Nagpur Kalan, Ordinance Factory Road, Itarsi (M.P.) 461111
Contact No.07572-262636, 262637, 262640, Fax No. 07572-262639,
Email Id: natrajproteinltd@rediffmail.com

NOTICE pursuant to Regulation 47(1)(a) of SEBI (LODR) Regulations, 2015 is hereby given that the Meeting of the Board of directors of the Company will be held on **Tuesday, the 29th day of May, 2018 at 2:00 P.M.** at the Registered Office of the Company to consider and approve the Standalone Audited Financial Results for the year ended on 31st March, 2018 along with other routine business.
For further details, please refer the web link- http://www.natrajproteins.com/&http://www.bseindia.com/stock-share-price/natraj-proteins-ltd/natrajpr/530119/
Place: Itarsi
Date: 15th May, 2018
For, NATRAJ PROTEINS LTD.
Sd/-
POOJA AGRAWAL
COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER

न्यायालय पंजीयक लोक न्यास संयोगितागंज क्षेत्र इन्दौर
प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक 03 इन्दौर
क्र./393/लोक न्यास/2018 इन्दौर दि. 11.05.18

उद्घोषणा

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक न्यासी श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी 19/13 विश्रामकालोनी वाय.एन. रोड इन्दौर द्वारा श्री जीणधाम ट्रस्ट पता 36, श्रद्धानदं मार्ग छावनी इन्दौर के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारुप मे आवेदन पत्र नियमावली एवं निर्धारित शुल्क रुपये 5 का चालान क्रमांक 127 दिनांक 09.5.2018 प्रस्तुत किया गया है। न्यास की चल सम्पत्ति रुपये 2100/- दोहजार एक सौ रुपए मात्र है जिसे ट्रस्ट का निष्पादन कर न्यास के संचालनार्थ दे दिये है तथा अचल सम्पत्ति निरंक है।

अत : उपरोक्तानुसार जिस किसी व्यक्ति संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस में मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। प्रकरण में पेशी दिनांक 29.5.18 नियत की गई। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।
दिनांक 11.5.18
शालिनी श्रीवास्तव
पंजीयक
लोक न्यास संयोगितागंज क्षेत्र इन्दौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, देवास विकास प्राधिकरण की योजना न्यू देवास झोन क्रमांक 02 में स्थित भूखण्ड क्रमांक-126 सेक्टर सी श्रेणी LIG प्राधिकरण रिकार्ड में श्री केशरसिंह यादव पिता श्री रतनसिंह यादव का नाम दर्ज है। आवंटिती श्री केशरसिंह यादव पिता श्री रतनसिंह यादव, निवासी ग्राम पोलाय जागीर तहसील सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. द्वारा उक्त भूखण्ड श्री कैलाश यादव पिता श्री रतनसिंह यादव निवासी ग्राम पोलाय जागीर तहसील सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. को विक्रय कर उनके पक्ष में ई पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. (MP108942018A1100630) दिनांक 15.02.2018 को निष्पादित कराया गया है। तत्पश्चात श्री कैलाश यादव पिता श्री रतनसिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड श्री बाबूलाल मालवीय पिता श्री रामचंद्र मालवीय एवं श्रीमती शकूबाई मालवीय पति श्री बाबूलाल मालवीय निवासीगण- संत रविदास नगर देवास म.प्र. को विक्रय कर उनके पक्ष में ई-पंजीकृत विक्रय पत्र (MP108942018A1244420) दिनांक 10.04.2018 को निष्पादित कराया गया है।
क्रेता द्वारा प्राधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ ई-विक्रय पत्र की प्रति, शपथ पत्र, और इकरारनामा प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर प्राधिकारी रिकार्ड में क्रेता का नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। अतः यदि प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्डा पर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से पंद्रह दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात नामांतरण के संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियां जमा होने पर ई-पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. (MP108942018A1244420) दिनांक 10.04.2018 के आधार पर उक्त भूखण्ड -क्रमांक-126 सेक्टर सी श्रेणी LIG योजना न्यू देवास झोन क्र. 2 पर क्रेता श्री बाबूलाल मालवीय पिता श्री रामचंद्र मालवीय एवं श्रीमती शकूबाई मालवीय पति श्री बाबूलाल मालवीय का नाम दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद किसी की कोई आपत्ति उजर मान्य नहीं होगी।
सम्पदा अधिकारी
देवास विकास प्राधिकरण देवास
चामुण्डा काम्प्लेक्स, ए.बी. रोड, देवास
(म.प्र.) दूरभाष-250526
निरन्तर विकास ही हमारा परम लक्ष्य है